दयानन्द वैदिक कालेज, उरई (जालौन) उ0प्र0, 285001

(सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, उ0प्र0)

NAAC ACCREDITED "B" GRADE WITH CGPA 2.61

फोन नं0 : 05162-252214 Website: www.dvcorai.ac.in ई–मेल : dvcoffice11@gmail.com

दिनांक: 16/05/2026

IQAC बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 15.05.2026 को सायं 04:00 बजे ऋषिकणाद शोध कक्ष, पुस्तकालय परिसर में प्राचार्य जी की अध्यक्षता में आहूत IQAC की बैठक में पारित प्रस्ताव:

1. पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़ी गयी और सर्वसम्मति से उसकी पुष्टि की गयी।
2. सर्वसम्मति से वर्तमान सत्र 2025–26 में IQAC के तत्वाधान में सम्पन्न हुयी निम्नलिखित गतिविधियों पर सम्यक् चर्चा उपरान्त संतोष व्यक्त किया गया:
   a. महाविद्यालय में मुख्य शोध कार्यों के अन्तर्गत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2 पेटेन्ट एवं उ0प्र सरकार द्वारा 2 लघु शोध परियोजना स्वीकृत हुये।
   b. यू0पी0 प्रमाणन पोर्टल पर जनवरी 2026 से प्रत्येक माह डाटा फीडिंग ससमय पूरित किया जा रहा है।
   c. महाविद्यालय का ISO रजिस्ट्रेशन आगामी 4 वर्ष के लिये सम्पन्न हुआ।
   d. Alumni Association का सोसाइटी रजिस्ट्रेशन आगामी 5 साल के लिये सम्पन्न हुआ।
   e. रेन वाटर हार्वेस्टिंग परियोजना का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।
   f. काउंसलिंग एण्ड कैरियर गाइडेन्स सेल द्वारा 'उन्नति फांउडेशन', बंगलौर के सयुंक्त तत्वाधान में एक 30 दिवसीय रोजगारमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 अगस्त–11 सितम्बर 2025 को आयोजित किया गया।
   g. MMTTP (U.G.C) के अन्तर्गत महात्मा हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दिनाँक 04–13 नवम्बर 2026 के मध्य एक आठ दिवसीय ऑनलाइन FDP "NEP Orientation & Sensitization Programme" आयोजित किया गया।
   h. महाविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिये 'काउंसलिंग एण्ड कैरियर सेल' द्वारा दिनाँक 9–11 फरवरी के मध्य एक त्रिदिवसीय ''व्यक्तित्व विकास'' कार्यशाला का आयोजन किया गया।
   i. दिनाँक 18–24 मार्च 2026 के मध्य महाविद्यालय का अकादमिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समारोह ''नवोन्मेष 2025–26'' सम्पन्न हुआ।
   j. उ0प्र0 रोजगार मिशन के तत्वाधान में जिला सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से एक वृहद रोजगार मेला दिनाँक 24 मार्च 2026 को आयोजित किया गया।
   k. संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 सरकार द्वारा महाविद्यालय का 'कल्चरल क्लब' संचालन हेतु चयन किया गया।
   l. जिला नगर निगम द्वारा महाविद्यालय के बाहरी परिसर के सौन्दर्यीकरण हेतु 14 स्ट्रीट लाइट प्रदान की गयी।
   m. जिलाधिकारी महोदय द्वारा छात्रों एवं आम जन हेतु महाविद्यालय परिसर के निकट एक सोलर वाटर कूलर सबमर्सिबल सहित प्रदान किया गया।

Co-ordinator IQAC Dayanand Vaidik College, Orai

प्रो0 अलका रानी पुरवार
IQAC संयोजक
दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

प्रो0 राजेश चन्द्र पाण्डेय
प्राचार्य
दयानन्द वैदिक कालेज, उरई

प्राचार्य दयानन्द वैदिक कालेज उरई (उ0प्र0)